# मेरे श्याम सौंप दिया है अपने जीवन कि नैया तुझे लिरिक्स

मेरे श्याम सौंप दिया है,
अपने जीवन कि नैया तुझे,
बीच भंवर में फँस गई हूँ,
तुम उबारो कन्हैया मुझे।bd।

तर्ज – तेरे नाम।

---

झूठे रिश्ते नाते झूठी यारी है,
बस पैसों से चलती रिश्तेदारी है,
दुनिया का दस्तूर समझ ना आता है,
अपना ही अपनों से धोखा खाता है,
गिर ना पडूँ गिर ना पडूँ,
गिर ना पडूँ कहीं लड़खड़ा के,
तुम सम्भालो कन्हैया मुझे।bd।

---

बहते इन अश्कों ने तुझे पुकारा है,
तू ही तो हारे का श्याम सहारा है,
आ जाओ संकट कि बदरी छाई है,
मैं हारी ये श्याम तेरी रुसवाई है,
तेर सिवा तेर सिवा,
तेर सिवा कौन है मेरा,
तुम बचालो कन्हैया मुझे।bd।

---

हाल ए दिल तुझको अपना सुनाऊँ मैं,
तेरे होते और कहीं क्यों जाऊं मैं,
जब जब दुनिया ने मुझको ठुकराया है,
तूने ही अपनाकर साथ निभाया है,
मांगे 'तरुण' मांगे 'तरुण',
मांगे 'तरुण' अपनी शरण में,
तुम लगा लो कन्हैया मुझे।bd।

---

मेरे श्याम सौंप दिया है,
अपने जीवन कि नैया तुझे,
बीच भंवर में फँस गई हूँ,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com